हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 13 मई 2026



# मकानों में ताला मिला तो भी सूचीकरण, जानकारी न मिली तो बंद घर होगा दर्ज

## जिले में जनगणना का पहला चरण एक मई से शुरू, 33 सवालों के जवाब ले रहे प्रगणक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में जनगणना का पहला चरण 1 मई से शुरू हो गया है। प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण कर 33 सवालों के जवाब ले रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच प्रगणक सुबह के समय घरों में दस्तक दे रहे हैं। जनगणना के मकान सूचीकरण के दौरान यदि कोई मकान बंद मिलता है, तो उसे घर के रूप में ऐप में दर्ज किया जाता है। प्रगणक उस मकान पर ताला लगा होने की स्थिति में अन्य निवासियों या पड़ोसियों से जानकारी लेकर या बाद में पुनः आकर मोबाइल नंबर दर्ज करते हैं।

जनगणना निदेशालय की निदेशक ने स्पष्ट किया है कि यदि गणना अवधि के दौरान किसी मकान पर ताला लगा मिलता है और पूरे एक महीने तक वहां कोई जानकारी देने वाला नहीं मिलता तो उसे हाउस ऑफ यूज कैटेगरी के तहत वैकेंट और सब-कैटेगरी लॉक्ड में दर्ज किया जाएगा। हालांकि ऐसे मकानों की भी नंबरिंग की जाएगी और संरचना का विवरण दर्ज होगा। प्रगणक ताला लगे घरों की सूची बनाएंगे और बाद में निवासियों के वापस आने पर मोबाइल ऐप के जरिये डेटा आने पर मोबाइल एप के जरिये डेटा अपडेट विकल्प का उपयोग करके जानकारी अपडेट की जाएगी। बताया गया कि जिले में घर-घर पहुंच रहे प्रगणक को यह निर्देश दिए गए है कि जो मकान बंद मिल रहे है। उनसे फोन पर संपर्क कर जानकारी ऑनलाइन दर्ज किए जाने की कोशिश होगी। इसके अलावा अंत तक संपर्क नहीं होने पर बंद घर का विकल्प दर्ज किया जाएगा।

### मई भर चलेगा अभियान

छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में 1 मई से आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया है। जनगणना के सफल संचालन हेतु राज्य में 51,300 प्रगणक एवं 9,000 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो 30 मई तक घर-घर जाकर डेटा संकलन का कार्य कर रहे हैं। सभी जिलों को अलग-अलग ब्लॉकों में बांटकर गणना की जा रही है। जिले में लगभग पौने दो लाख घर तक प्रगणक को पहुंचना है। ये सारे आंकड़े प्रतिदिन शाम तक सिस्टम में दर्ज किए जाते हैं।

### खास बातें

- गर्मी के छुट्टियों के कारण बंद मिल रहे बड़ी संख्या में लोगों के मकान
- मकान बंद मिलने पर अंत में दर्ज होगी जानकारी



### जिले में बनाए 1606 ब्लॉक

जनगणना-2047 के तहत पहले चरण का काम शुरु हो गया है। जिले में 1 मई से शुरू हुए घर-घर जनगणना के काम में नक्शा बनाने के बाद प्रगणक घर-घर जाकर लोगों से 33 सवालों के जवाब ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार नांदगांव जिले में 1606 ब्लॉक बनाए गए हैं। इनमें लगभग 70 ब्लॉक में काम लगभग पूरा हो गया है। बताया गया कि मई के तीसरे सप्ताह तक कार्य शत-प्रतिशत पूरा करने का टारगेट रखा गया है।

## जिले में धान खरीदी थमने के तीन महीने बाद भी नहीं हो पाया शत-प्रतिशत उठाव

# 27 समितियों में 40 हजार क्विंटल धान डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भले ही प्रदेश सरकार ने इस बार धान के उठाव में तेजी को लेकर कई दावे किए हो, लेकिन जिले में अब भी शत-प्रतिशत उठाव नहीं हो पाया है। हालत यह है कि खरीदी समाप्त होने के तीन महीने बाद भी जिले की दो दर्जन से अधिक समितियों में 40 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा हुआ है। अब इस धान को आगामी 15 मई तक परिवहन किए जाने का टारगेट रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में इस बार खरीफ वर्ष में रिकॉर्ड 62 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। शासन की मंशा थी कि बारिश शुरू होने से पहले समितियों से धान का शत-प्रतिशत उठाव कर लिया जाए, ताकि किसानों और समितियों को नुकसान न हो। इसके लिए धान खरीदी नीति के साथ परिवहन को लेकर भी निर्देश जारी किए गए थे। इसमें मार्च समाप्ति से पहले तक शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित किए जाने कहा गया था, लेकिन इसके बाद भी जिले में अब तक शत-प्रतिशत उठाव नहीं हो पाया है। अब भी जिले में 40 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार इस सत्र धान उठाव एवं मिलिंग के लिए जिले के कुल 82 राईस मिलर्स से अनुबंध किया गया है।

ज्ञात हो कि पिछले साल का चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स से इस बार अनुबंध नहीं किया गया है। वहीं चार ट्रांसपोर्टर से भी इस बार उठाव के लिए अनुबंध किया गया है। मिलर्स और ट्रांसपोटर्स उठाव कार्य में जुटे हुए हैं। तीन महीने बाद भी उठाव शेष है।



### मौसम की मार से खराब होगा धान

उठाव में इतनी देरी का सीधा असर समितियों की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। धूप और बढ़ते तापमान के कारण धान के वजन में कमी यानी सूखत आने की आशंका रहती है। जिसका खामियाजा समितियों को भुगतना पड़ता है। इसके अलावा बीते कुछ दिनों से बिगड़े मौसम की वजह से भी धान में खराबी की आशंका बनी रहती है। जिससे भी सीधा नुकसान समितियों को ही होता है।

### इन समितियों में धान शेष

मिली जानकारी के अनुसार जिले की मुसराकला, घुमका, झाड़ीखैड़ी, बम्हनी चारभाठा, लालूटोला, कुहीकला, कनेरी, बागरेकसा, छुरिया, उपरवाह, ढारा, साल्हेटोला, कल्लूबंजारी, सड़क छिरछारी, पटेवा, भैंसातरा, खुर्सीपार, देवकट्टा, चारभाठा, मेढ़ा, गैंदाटोला, गहिराभेंड़ी, मुरमुंदा, जयसिंगटोला, खोभा, खुज्जी और मोहारा उपार्जन केंद्र शामिल हैं।

### प्रशासनिक सख्ती और समीक्षा बैठक

धान उठाव की धीमी गति को लेकर जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों और राइस मिलर्स की आपात बैठक बुलाई थी। 24 से 29 अप्रैल के बीच 92 समितियों को छह अलग-अलग समूहों में बांटकर बैठक ली गई थी। जिसमें भी जल्द से जल्द उठाव पूरा करने कहा गया था, लेकिन उस बैठक के दो सप्ताह बाद भी जिले में धान का शत-प्रतिशत उठाव नहीं हो पाया है। इसको लेकर ही मंगलवार को भी प्रशासन ने एक बैठक की है। जिसमें चेतावनी दी गई है।

# वृद्ध दंपत्ति से 11 लाख की ठगी आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वृद्ध दंपत्ति से 11 लाख रुपए की ठगी कर ली गई थी। इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच पड़ताल करते त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका पुत्र वरूण कुमार साहू 32 वर्ष सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) में पदस्थ था तथा जम्मू-कश्मीर में तैनात था। 12 सितंबर 2025 को अवकाश के दौरान ग्राम कोकपुर बरैठटोला के पास सड़क दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक जवान की मृत्यु उपरांत विभागीय सहायता राशि के रूप में प्रार्थी के खाते में 10 लाख रुपए एवं उनकी पत्नी के खाते में 19.25 लाख रुपए जमा हुए थे। इसी दौरान मृतक के साढ़ू भाई योगराज साहू द्वारा वृद्ध माता-पिता को विश्वास में लेकर राजनांदगांव बैंक लाया गया तथा उनके खातों से कुल 15 लाख रुपए निकलवाए गए। आरोपी ने एसएसबी अधिकारियों एवं बैंक कर्मचारियों को पैसा देने का झांसा देकर 11 लाख रुपए अपने पास रख लिया तथा केवल 4 लाख रुपए वापस किया। आरोपी द्वारा वृद्ध दंपत्ति के साथ 11 लाख रुपए की धोखाधड़ी किया जाना पाए जाने पर थाना बसंतपुर में धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### जेल भेजा गया आरोपी

निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार पतासाजी एवं संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। आरोपी द्वारा लगातार ठिकाना बदलने की जानकारी मिलने पर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी योगराज साहू 45 वर्ष ग्राम बिटाल हाल श्रृष्टि कालोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 1 लाख रुपए नगद जब्त कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

## पांच किलो गांजा जब्त

# गांजा तस्करी, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में मादक पदार्थ गांजा के अवैध परिवहन के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से कुल 5 किलो गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि 12 मई को गोपालपुर गिधवा रोड व हरडुवा से घुमका की ओर दो अलग-अलग व्यक्ति दोनों काला रंग के हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल में अवैध रूप से गांजा परिवहन हेतु जा रहे हैं। सूचना पर थाना घुमका से अलग-अलग टीम बनाकर मुखबीर के बताए अनुसार स्थानों में मोबाइल चेकपोस्ट लगाया गया। आने-जाने वाले वाहनों को रूकवाकर चेक किया जा रहा था, तभी एक बाइक आया, जो पुलिस को देखकर भाग रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### डिक्की व बैग में मिला गांजा

पगड़े गए पहले व्यक्ति के बाइक की डिक्की के अंदर थैला में 2 पैकेट में करीबन 2 किलो 58 ग्राम व दूसरे व्यक्ति पकड़े पीट्ठू बैग को चेक किया गया। जिसके अंदर अलग-अलग 2 पैकेट में करीबन 2 किलो 946 ग्राम गांजा कीमती पचास हजार का होना पाया गया। मादक पदार्थ गांजा परिवहन में प्रयुक्त दो नग मोटर साइकिल को जब्त किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी दीपक पटेल 50 साल निवासी भटगांव व आरोपी देवकुमार साहू 24 साल निवासी पटेवा हाल सिवनीखुर्द के विरूद्ध थाना घुमका में अपराध धारा 20(बी)(ii)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत घटित करना पाए जाने से विवेचना कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया।

### शराब कोचिया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 मई को चौकी मोहारा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम ढारा निवासी राजेन्द्र वर्मा 40 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15 पौवा शोले देशी प्लेन शराब एवं 15 पौवा रोमियो देशी प्लेन शराब कुल 30 पौवा शराब तथा बिक्री रकम 300 रुपए बरामद किया गया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग 2400 रुपए है। पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई करते शराब एवं बिक्री रकम जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**0 राजनांदगांव।** मौसम में लगातार उतार चढ़ाव का दौर जारी है। जिससे आम लोगों के बीच चिंता का आलम बना हुआ है। हाल ही में हुए बारिश व ओलावृष्टि से आम सहित अन्य फसलों को नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

### मॉय एंगल












## खबर संक्षेप



### शौर्य का सुयश

**सड़क अतरिया।** नर्मदा विद्यालय खैरा नर्मदा के छात्र शौर्य जंघेल का चयन नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। छात्र के चयन होने पर विद्यालय के शिक्षक, माता पिता एवं मित्रों ने बधाई दिया है।

### राशन का वितरण 15 मई तक

**मोहला।** शासन के निर्देशानुसार अप्रैल से जून माह तक के एकमुश्त खाद्यान्न का भंडारण उचित मूल्य दुकानों में किया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खाद्यान्न वितरण 30 अप्रैल तक किया जाना था, लेकिन कई हितग्राहियों द्वारा राशन प्राप्त नहीं कर पाने की स्थिति को देखते हुए शासन ने वितरण अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब राशनकार्डधारी हितग्राही 15 मई तक खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे।

### कांग्रेस का सम्मान समारोह कल

**छुईखदान।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आगामी 14 मई को कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जिला, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर, बूथ, पंचायत एवं वार्ड स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। समारोह में ब्लॉक पदाधिकारी, मंडल समिति, सेक्टर समिति, बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत एवं नगर पालिका वार्ड अध्यक्षों का सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा एवं हर्षिता बघेल भी शामिल होकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान करेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, कार्यकारिणी सदस्यों, जिला, जनपद सदस्यों, सरपंचों एवं वार्ड पार्षदों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### अवैध उत्खनन लगातार जारी

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रो में अवैध उत्खनन लगातार जारी है। खनिज विभाग की लापरवाही एवं राजस्व विभाग पर आरोप लगने बाद बडे पैमाने स्थानांतरण हुआ है किन्तु क्षेत्र में अवैध उत्खनन यथावत जारी है। नए तहसीलदार की पदस्थापना के बाद अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्यवाही की गई है किन्तु कुछ ईंट भटटो एवं छोटे वाहन के मालिको पर कार्यवाही कर मामले को रफादफा कर दिया गया। क्षेत्र में 50 से 60 ईट भट्ठे संचालित है किन्तु कार्रवाई दो तीन भट्ठों तक सीमित रही। बताया जा रहा है कि संडीडीह, कलकसा, देवकटटा के अलावा वन क्षेत्र के नालो से रेत एवं राजस्व भूमि से मुरूम का खनन जारी है।

### विफलता है नीट परीक्षा रद्द होना

**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने नीट परीक्षा रद्द होने को गंभीर विफलता बताते हुए कहा है कि परीक्षा रद्द होने से करीब 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों की मेहनत पर पानी फिर गया है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं लेकिन प्रश्नपत्रों के लीक होने से परीक्षा रद्द कर दिया जाता है जो सरकार की प्रशासनिक क्षमता पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में 89 पेपर लीक और 48 बार पुनः परीक्षाएं होना इस बात का प्रमाण है कि सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने में असफल रही है।



### मेधावी मीना साहू का सम्मान



**सोमनी।** पार्रीकला की मीना साहू पिता नारद साहू ने कक्षा 10 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ग्रामवासियों ने कार्यक्रम आयोजित कर उसका सम्मान किया। कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार्र जिला कांग्रेस ग्रामीण महामंत्री ललित कुमरे, सरपंच कामिनी अंबिलकर ने श्री फल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। इस मौके पर श्री मुदलियार ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे होनहार बच्चे बहुत कम देखने को मिलते हैं जो मां बाप के साथ गांव का नाम रोशन करें। ऐसे बच्चों को सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। इस दौरान अरुण अंबिलकर, ज्ञानदास मानिकपुरी, दिनेश साहू , लेखचंद अंबिलकर, सुभरन दास, देवीलाल, शीतल साहू, योगेश, राजेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू, होरी साहू, नारद ठाकुर, मनीष यादव, लोकेश रजक, तारा टंडन, गणेश यादव, सूरज रजक, दिलीप साहू, देवानंद सिन्हा, सूरज मानिकपुरी, दीपक, राम साय, भारत अंबिलकर, आरती कुमरे, मीना साहू, ओमेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, माया, धनेश्वरी, सुनीता साहू, भुवनेश्वरी, पूनम साहू, धनेश ठाकुर, राकेश साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन



### श्यामादेवी अग्रवाल

**डोंगरगढ़।** स्व दीपक अग्रवाल की धर्मपत्नी श्यामाबाई अग्रवाल का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सुनील अग्रवाल प्रसाद वाले की भाभी काफी समय से अस्वस्थ थी। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

# अब रकबे के अनुपात में किसानों को मिलेगी खाद

## पीओएस मशीन से होगा खाद वितरण, कालाबाजारी पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

खरीफ मौसम 2026-27 की तैयारी के तहत जिले में रासायनिक उर्वरकों के वितरण को लेकर नई व्यवस्था लागू की गई है। शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अब किसानों को उर्वरकों का वितरण उनकी भूमि धारिता एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित मात्रा के आधार पर किया जाएगा। इसके साथ ही उर्वरकों का वितरण केवल पीओएस मशीन के माध्यम से ही किया जाएगा तथा समस्त जानकारी ऑनलाइन अपडेट करना अनिवार्य होगा।

जानकारी के अनुसार जिले की सहकारी समितियों में उर्वरकों का भंडारण एवं वितरण प्रारंभ किया जा रहा है। किसानों को लक्ष्य के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है, ताकि प्रत्येक कृषक को आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध हो सके। नई व्यवस्था के तहत किसानों को उनकी भूमि के रकबे तथा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित फसलवार अनुशंसा के अनुसार ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न फसलों के लिए उर्वरकों की वैज्ञानिक अनुशंसा तैयार की गई है साथ ही संतुलित उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उर्वरकों का समूह निर्धारण भी किया गया है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे और फसलों को आवश्यक पोषण मिल सके।

### उपलब्धता पर नजर

जिला प्रशासन ने कृषि एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि किसानों को समय पर एवं निरंतर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आगामी कृषि कार्य प्रभावित न हो। उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने हेतु कृषि विभाग द्वारा सहकारी समितियों एवं संबंधित विभागों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



### सभी को मिलेगी खाद

जिले में भूमि धारिता आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था लागू होने से वास्तविक जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराना संभव होगा। इसके अलावा अवैध भंडारण, कालाबाजारी तथा अनियमित वितरण जैसी गतिविधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। किसानों को उर्वरकों के सही संयोजन एवं संतुलित उपयोग की जानकारी देने के लिए सहकारी समितियों में विभिन्न उर्वरकों के उपयोग संबंधी जानकारी प्रदर्शित की गई है। कृषि विभाग द्वारा चौपाल कार्यक्रमों एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों तथा विभागीय अमले द्वारा गांव-गांव पहुंचकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

## आमजनों के करीब पहुंचा प्रशासन, 1118 आवेदन मिले

# शिविर में मिली परेशानियों से राहत

## अर्जुनी में सुशासन तिहार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

अंत्योदय के करीब पहुंचकर उनकी समस्या सुलझाने और कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने ग्राम में सोमवार को सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण ने अपनी दिक्कतों और अपेक्षाओं से प्रशासन को अवगत कराया। शिविर में मांगों एवं शिकायतों के 1118 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने किया। इस दौरान प्रतिभावान छात्रों, स्वच्छता दीदियों और लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र, राशन कार्ड और जॉबकार्ड प्रदान किया गया। स्व सहायता समूहों को विभिन्न व्यवसायों के लिए 11.70 लाख का चेक और कृषकों को मूंग बीज तथा ऋण स्वीकृत किया गया।



### जरूरतें हो रही पूरी

इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की धारा में जोड़ने के पक्षधर रही है। इसी क्रम में साय सरकार ने सुशासन तिहार की शुरूवात की है ताकि जरूरत मंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताया कि प्रशासन सरकार की मंशा के मुताबिक लोगों के करीब पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है।



### तारा को मिली सौगात

शिविर में केसला की गर्भवती तारामती जांगड़े के जीवन में खुशियों की नई सौगात मिली। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोद भराई कर उन्हें सुपोषण किट भेंट किया। श्रीमती जांगड़े ने शासन की इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि गर्भावस्था के दौरान माँ और शिशु दोनों के लिए उचित पोषण अनिवार्य है। इस सहायता से उन्हें संतुलित आहार लेने में बड़ी मदद मिलेगी।

### जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, जिला सहकारी बैं के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, टामेश्वर साहू, रामकुमार गुप्ता, भुवन साहू, जागेश्वर यादव, ममता पटेल, विवेक मंडावी, सरिता साहू, रेशमलाल साहू, उमेश साहू, गैंदाबाई, कांति चन्द्रवंशी, सरपंच ललिता साहू, दिनेश साहू, मंडल भाजपा के कोषाध्यक्ष विजय जैन, अजय वैष्णव, दिलीप साहू, देवलाल, नागेश धनकर, यतीष सिन्हा, मोहन साहू, श्रवण निषाद, मनोज साहू, भानु सोनी, दुर्गेश सिन्हा, त्रिवेणी सोनकर, सूर्यकांत साहू, भैयालाल, संजू सोनी, यशवंत साहू, सुरेन्द्रगिर गोस्वामी, रेखालाल, सोनम निषाद, एसडीएम श्रीकांत कोराम, नायब तहसीलदार जेपी खूंटे, जनपद सीईओ रोशनी भगत टोप्पो, बीईओ जयंत साहू, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संचालन बीरेन्द्र तिवारी ने किया।

# शहर के शराब कोचियों पर नहीं लगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस कार्यवाही से साफ है कि शहर कोचियों के माध्यम से अवैध शराब की ब्रिकी की जा रही है। आरोपियों द्वारा सरकारी शराब दुकान से शराब लाना बताने के बाद भी पुलिस और आबकारी विभाग कालाबाजारी पर अंकुश लगाने पहल नहीं कर रहे है। बताया जाता है कि आबकारी विभाग के संरक्षण में सरकारी दुकानों में 5 से 10 रूपए अतिरिक्त चार्ज लेकर कोचियों को शराब मुहैया कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मेढा, बोरतलाव और कटली शराब दुकान के कर्मचारियों की सांठगांठ से शराब की सप्लाई की जा रही है। पुलिस शराब का परिवहन एवं बेचने वालों पर कार्रवाई कर रही है किन्तु मुख्य सप्लायरों तक पुलिस नहीं पहुंच रही है।

### सांठगांठ से चल रहा शराब का धंधा: हर्षिता



विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने खुलेआम शराब बिक्री को प्रशासनिक कमजोरी का परिणाम बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों, शराब दुकानदार एवं कोचियों की सांठगांठ से यह कारोबार संचालित हो रहा है। श्रीमती बघेल ने कहा कि आरोपी दूसरे राज्य से शराब लाने की जानकारी देते है। पुलिस को आरोपियों के बयान के आधार पर सप्लायरों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए किन्तु ऐसा नहीं किया जा रहा है।

# डिजिटल मकान सर्वे में खड़गांव तहसील आगे

- अब तक लगभग 98 प्रतिशत कार्य पूरा
- कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

मतगणना अंतर्गत इन दिनों मकानों का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में शिखर पर खडगांव तहसील है। भीषण गर्मी के बाद भी डिजिटल सर्वे में खडगांव तहसील ने अन्य से आगे है।

जानकारी के अनुसार गर्मी के कहर को देखते हुए सुबह 6 से 11 बजे तक फील्ड वर्क तय किया गया। प्रगणकों को प्रशिक्षण के बाद 15 से 30 अप्रैल के बीच स्व गणना के दौरान टीम ने इलाके की मैपिंग और तैयारी की। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में अब तक सर्वे के अनुसार खडगांव तहसील में 97.77 कार्य पूरा हो चुका है। अब तक प्रगति के लिहाज से माना जा रहा है कि खडगांव तहसील शिखर पर है। डिजिटल सर्वे के लिए तहसीलदार राज आशीष ने भरपूर मेहनत किया और लगातार सभी जानकारी साझा किया। आमजनों द्वारा तहसीलदार राज आशीष की कार्यशैली की जमकर तारीफ की है।

# नहर को लोगों ने बनाया अघोषित कूड़ादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खेतों तक नहर के माध्यम से जलाशय का पानी पहुंचाया जाता है जो इन दिनों कूड़ादान बन गई है। कुछ ग्रामीण घर से निकलने वाले कूड़ा कचरा को नाली में डाल रहे है जिसका खामियाजा किसानों को तक भुगतना पड़ेगा जब जलाशय से पानी छोड़ा जाएगा जिससे न सिर्फ पानी अवरूद्ध होगा बल्कि खेत भी गंदगी से अट जाएंगे।

किसानों ने बताया कि नहर में कूड़ा कचरा डालने से समय पर पानी नहीं मिल पाता है। वहीं दूसरी ओर कुड़ा कचरा के चलते जलाशय से जितना पानी छोड़ा जाता है । उसका आधा हिस्सा सूख जाता है। विभाग द्वारा किसानों को कई दफा समझाइश दिया गया है पर कुछ लोग अपनी बेजा हरकतों से बाज नहीं आ रहें हैं। कुछ किसान खेत से निकलने वाले खरपतवार, अरहर की डंडी, पेड़ के अवशेष आदि नहरों में ही डाल देते हैं जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



### मुरूमीकरण की आवश्यकता

किसानों को खेत जाने तथा कृषि उपयोगी समानों को लाने लेजाने में नहर का पार उचित माध्यम होता है। किसानों ने बताया ने सभी नहर पारों का रास्ता उबड खाबड़ हो गया है जिससे आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कृषकों ने नहर पार को समतल करने, मुरूम डालने तथा बरसात पूर्व सफाई करने की मांग किया है।

### नहर पक्की करने की मांग

क्षेत्र की कुछ नहरों में पिचिंग एवं पक्की करण हुआ है। कुछ नहर का पक्की होना शेष है। किसानों की मांग है कि शेष सभी नहरों को भी पक्की किया जाए ताकि जलासय से छोड़ा गया पानी का किसानों के खेतों तक पहुंच सके। नहर कच्ची होने से पानी का एक बड़ा हिस्सा सूख जाता है तथा किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है।

### हांडीटोला में समस्या निवारण शिविर आज

**मोहला।** सुशासन तिहार अंतर्गत कल 13 मई को जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी की ग्राम पंचायत हांडीटोला में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में हांडीटोला, सिंघाभेड़ी, आमाटोला, लाताकोड़ों, रेंगाकटेरा, डोंगरगांव, रैनुटोला, बिटाल, जोरातराई, जादूटोला, कौडूटोला, चिखली, ढाढूटोला, खुर्शीपार, मांगाटोला, बांधाबाजार, गुंडरदेही के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के अलावा प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

# पहली में प्रवेश के लिए 14 को निकलेगी लॉटरी

**गंडई पंडरिया।** नगर के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश की गहमागहमी तेज हो गई है। आगामी 14 मई को सुबह 10 बजे विद्यालय परिसर में कक्षा पहली में प्रवेश हेतु लॉटरी निकाला जाएगा। पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

गौरतलब है कि शासन के नियमों के अनुसार प्रत्येक कक्षा के लिए कुल 50 सीटें निर्धारित हैं, जिनके विरुद्ध विद्यालय को 10 अप्रैल से 9 मई के बीच कुल 65 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। स्कूटनी के बाद 58 आवेदन पात्र पाए गए हैं, जबकि 7 आवेदन अपात्र घोषित किए गए हैं। प्रवेश प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए लाटरी निकालने के दौरान एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति और प्रशासन ने अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से अपील की है कि वह चयन प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहकर सहयोग करें।

# राशि के आबंटन में भेदभाव

- कामकासुर के सरपंच ने जिला प्रशासन से सुविधाओं की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

ग्राम पंचायत कामकासुर के सरपंच करण बोगा ने पंचायत को उपेक्षित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि डीएमएफ फंड से ग्राम पंचायत कामकासुर को राशि देने में भेदभाव किया जा रहा है जिसका ग्रामवासी विरोध करते हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि डीएमएफ पर हमारा भी हक है जो मिलना चाहिए। सरपंच बोगा एवं ग्रामीणों ने डीएमएफ फंड से कामकासुर को प्रथामिकता के साथ राशि देने, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रोजगार जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की है।

### उपेक्षा से नाराजगी

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीएमएफ फंड से चहेते लोगों को लाभांवित किया जा रहा है।ग्राम पंचायत कामकासुर के साथ सौतेला व्यवहार किया जाना गलत है जिससे कामकासुर के लोग आक्रोशित है। आगामी समय तक समस्याओं का समाधान और मांगो को पूरा नहीं किया गया तो शायद उग्र आंदोलन जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है।

# ठेकेदार की मनमानी से निर्माण अधूरा

## अनुबंध निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान खरीदी केन्द्रों कुकुरमुड़ा अतरिया में मंड़ी बोर्ड द्वारा करीब तेरह लाख की लागत से किसान कुटीर भवन का निर्माण किया जा रहा है। विभाग द्वारा बार बार नोटिस देने के बावजूद ठेकेदार काम को पूर्ण नहीं कर रहा है जिसके कारण अब तक भवन अधूरा है। किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कामदेव जंघेल ने उक्त ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर अन्य ठेकेदार से कार्य पूर्ण कराने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि अन्य केन्द्रों में भी बने किसान कुटीर भवन की गुणवत्ता का जांच करना भी आवश्यक है।

उक्त भवन का बीते तीन साल में निर्माण नहीं हो सका है। माह भर पहले ठेकेदार को नोटिस थमाया गया था फिर भी निर्माण कार्य जस के तस है। अब तक हुए निर्माण में ठेकेदार ने जमकर अनियमितता बरती है जिसके चलते ठेकेदार को नोटिस दिया जा चुका है। ज्ञात हो कि सोसायटी में धान बेचने, खाद लेने या अन्य कार्यों के लिए बड़ी संख्या में कृषक केन्द्र पहुंचते हैं जिनके बैठने या कृषि संबंधी चर्चा करने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं रहती है। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के कुकुरमुड़ा, विचारपुर, पैलीमेटा सहित कुछ अन्य केन्द्रों में किसान कुटीर का निर्माण किया गया है। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है परन्तु कुकुरमुडा अतरिया में किसान कुटीर का निर्माण कार्य अधूरा है।



### सूचना पटल नहीं

तीन साल से निर्माण जारी है पर मौके पर ठेकेदार ने सूचना पटल नहीं लगाया है। लाखों की लागत से बने रहे कृषक कुटीर के बारे में ग्रामीणों को कोई जानकारी नहीं है।

### सुविधा से वंचित किसान

किसान कुटीर भवन पूर्ण नहीं होने से कृषक इससे मिलने वाले लाभ एवं सुविधा से वंचित हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि ठेकेदार की लापरवाही एवं निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही के कारण वह लाभ से वंचित हैं। निर्माण कार्य तीन साल से जारी है पर अब तक अधूरा है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### कलेक्टर ने की साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा

# पेट्रोल पंपों पर अब सीसीटीवी से निगरानी अवैध ईंधन विक्रय पर होगी कड़ी कार्रवाई

## लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों, खाद्यान्न वितरण, राजस्व प्रकरणों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले के सभी रिटेल पेट्रोल पंपों से औद्योगिक उपयोग के लिए पेट्रोल एवं डीजल विक्रय नहीं करने के संबंध में सूचना जारी करने जिला खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने पेट्रोल पंपों में लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच एवं उन्हें दुरूस्त रखने कहा।

सीसीटीवी फुटेज जांच के दौरान पेट्रोल एवं डीजल का औद्योगिक कार्यों एवं अवैध विक्रय पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में प्राप्त मांग एवं शिकायतों के आवेदनों की विभाग प्रमुख स्वयं मॉनिटरिंग करें तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निराकरण में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

### भुगतान की समीक्षा

कलेक्टर ने जिले के सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन पत्राचार अब अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए। जिससे कार्यों में पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। कलेक्टर ने जमीन अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों की मुआवजा राशि प्राथमिकता के साथ शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए।




### बर्फ फैक्ट्रियों की करें जांच

उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी को आगामी तीन दिवस के भीतर सभी शेष हितग्राहियों को तीन माह का राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिलावटी एवं एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरूद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। जिससे आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पेयजल सप्लाई और बर्फ फैक्ट्रियों में लगातार जांच करने के निर्देश दिए।

### खाद-बीज का भंडारण

कलेक्टर ने पीएम-आशा योजना के अंतर्गत किसानों से दलहन एवं तिलहन खरीदी की जानकारी लेते कहा कि पंजीकृत किसानों से शत-प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ग्रीष्मकालीन मौसम में धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले किसानों के लिए पर्याप्त बाजार उपलब्ध कराने तथा खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी आवेदनों का नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों का एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निर्माण कामों में लाए तेजी

ग्राम पंचायतों में प्राप्त राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को नियमित मॉनिटरिंग करने कहा। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को बारिश पूर्व नालों की सफाई पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, निर्माणाधीन स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों सहित अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ बारिश से पहले पूर्ण करने कहा। उन्होंने जिले में अग्निवीर भर्ती के लिए 2700 युवाओं द्वारा पंजीयन की जानकारी लेते युवाओं को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने कहा।

# विधानसभा अध्यक्ष ने पद्मश्री फूलबासन यादव से मिलकर कुशलक्षेम जाना

### सुरक्षा के दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



- पुलिस विभाग द्वारा तत्परता व सक्रियता से की गई कार्रवाई की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज ग्राम चवेली पहुंचकर पद्मश्री फूलबासन यादव से चर्चा कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनके साथ घटित दुखद एवं अप्रिय घटना के संबंध में जानकारी ली।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पद्मश्री फूलबासन यादव के साथ हुई यह अप्रिय घटना चिंताजनक है। पुलिस की सक्रियता से उनका जीवन सुरक्षित हो सका। उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डॉ. रमन सिंह ने पद्मश्री फूलबासन यादव से आत्मीय बातचीत के दौरान उनसे इस दुखद घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ में महिला स्वसहायता समूह की लाखों महिलाओं को संगठित कर रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाली पद्मश्री फूलबासन यादव के साथ हुई यह अप्रिय घटना टल गई। आगे भी समर्पित भाव से कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि हम सभी हिम्मत बढ़ाने के लिए आपके साथ हैं। जब भी जरूरत होगी सरकार की ओर से मदद मिलेगी। उन्होंने इस घटना के बाद पुलिस विभाग द्वारा तत्परता एवं सक्रियता से की गई कार्रवाई की प्रशंसा की।

### सामाजिक कार्य करती रहेंगी

श्री फूलबासन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस घटना के बाद पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि पुलिस विभाग को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आगे भी वे ग्राम के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए कार्य करती रहेंगी। इस अवसर पर श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री भावेश बैद, श्री सुमीत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री गौतम पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

# सुशासन नहीं, सिर्फ प्रचार का तिहार : मनराखन



**खैरागढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने इसे जनता की समस्याओं से ध्यान भटकाने वाला दिखावटी अभियान बताते हुए कहा कि सरकार जमीन पर काम करने के बजाय सिर्फ प्रचार में जुटी हुई है।

श्री देवांगन ने कहा कि अगर प्रदेश में वास्तव में सुशासन होता तो लोगों को सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के कई गांव आज भी बदहाल सड़कों, पेयजल संकट और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार केवल कार्यक्रमों और आयोजनों में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के नाम पर अधिकारी-कर्मचारियों पर दबाव बनाकर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। शिकायतों का स्थायी समाधान करने के बजाय उन्हें कागजों में निपटाया जा रहा है।

कांग्रेस नेता ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि नया जिला बनने के बाद लोगों को विकास की उम्मीद थी, लेकिन आज भी कई विभाग संसाधनों और कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्र बदहाल हैं युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और किसान अपनी उपज के उचित दाम के लिए संघर्ष कर रहे हैं। श्री देवांगन ने आरोप लगाया कि जिले में अधिकारी-कर्मचारियों की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने उन्हें खुली छूट दे दी है। उन्होंने जिले में बढ़ते अपराध और अवैध शराब के कारोबार पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जिले के गली-गली में शराब की गंगा बह रही है। गांव-गांव शराब दुकानें खुल रही हैं लेकिन शिक्षा व्यवस्था की ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। भाजपा सरकार की सोच आम आदमी के हित में नहीं दिखती। शिकायतों का समयबद्ध निराकरण नहीं हुआ तो ऐसे आयोजन केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगे। जनता अब कागजी नहीं जमीन पर दिखाई देने वाला समाधान चाहती है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि



जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते हैं। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते समाधान शीघ्र करें। जनदर्शन में सीमांकन, नामांतरण, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, भू-अर्जन, अवैध अतिक्रमण हटाने, नजूल से संबंधित, पेंशन, राजस्व रिकार्ड दुरूस्त कराने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संपत्तिकर का भुगतान जुलाई 6.25% और दिसंबर तक 4% का मिलेगा छूट

**राजनांदगांव।** नगर निगम सीमांतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के सम्पत्तिकर में कलेक्टर गाईड लाइन के अनुसार निर्धारित दर पर पुर्नविचार उपरांत सम्पत्तिकर में भूमि व आवासीय दरों में 10 प्रतिशत तथा व्यवसायिक व औद्योगिक दरों में 20 प्रतिशत वृद्धि किया गया। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में सम्पत्तिकर का अग्रिम भुगतान करने पर नियमानुसार छूट भी दिया जा रहा है।

सम्पत्तिकर के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि बढ़ी हुई सम्पत्तिकर में पुर्नविचार कर सम्पत्तिकर में भूमि व आवासीय दरों में 10 प्रतिशत तथा व्यवसायिक व औद्योगिक दरों में 20 प्रतिशत वृद्धित अनुसार महापौर परिषद एवं सामान्य सभा में स्वीकृति उपरांत वार्डवार दर निर्धारण कर आदेश जारी किया गया है तथा निर्णय अनुसार इस वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से ही नई दर से सम्पत्तिकर लिया जा रहा है, जिन करदाताओं द्वारा बढ़ी हुई दर से सम्पत्तिकर का भुगतान किया गया है, उनका आगामी वित्तीय वर्ष में समायोजन किया जाएगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि छग निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छूट का लाभ भी दिया जा रहा है। जिसके तहत 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी प्रकार 1 अगस्त 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 1 जनवरी 2027 से 31 मार्च 2027 तक कोई भी छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छूट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग की अपील की है।




### स्कूल शिक्षा से जीवन की नींव मजबूत होती है

# नेशनल स्कूल भूलाटोला के परीक्षा परिणाम में पुरस्कृत हुए छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन भूलाटोला विकासखण्ड खैरागढ़ 10 मई रविवार को परीक्षा परिणाम घोषित कर छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खैरागढ़ कालेज के सेवानिवृत्त लाइब्रेरियन लाल जे के वैष्णव, डॉ. पीसीलाल यादव, डॉ. सियाराम साहू, डॉ. उमेद चंदेल, मनोहर सोनवानी डायरेक्टर नेशनल स्कूल, हीरान्तक द्विवेदी नोडल अधिकारी प्रथम सत्र में उपस्थित रहे।

मां सरस्वती पूजा पश्चात अतिथियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने पर छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को पुरस्कृत किया। खैरागढ़ कालेज के सेवानिवृत्त ग्रंथपाल लाल जे के वैष्णव ने 10 मई रविवार को मातृदिवस पर उपस्थित मातृशक्ति को हार्दिक




बधाई, शुभकामनाएं देते हुए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा से जीवन की नींव मजबूत होती है।

मोबाइल क्रांति के वर्तमान परिवेश में स्कूल अध्ययन के साथ शारीरिक परिश्रम, व्यायाम को सर्वांगीण विकास हेतु जरुरी आवश्यक बताया।

कार्यक्रम संचालन प्राचार्या नीलम भारती ने एवं अतिथियों को मोमेंट स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार प्रदर्शन स्कूल डायरेक्टर मनोहर सोनवानी ने किया। द्वितीय सत्र में जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा, नुशरत बानो, मनीष वर्मा, रामाधार वर्मा, लक्ष्मी शंकर चन्देल, मानिकदास मानिकपुरी, डॉ.आरपी टन्डन आदि अतिथियों का सम्मान किया गया। उक्त जानकारी स्कूल डायरेक्टर मनोहर सोनवानी ने दी।

### कविता के माध्यम से किया प्रेरित

शिक्षाविद डॉ. उमेद चंदेल ने कविता के माध्यम से शिक्षा अलख जगाने प्रेरित किया। डॉ पीसीलाल यादव ने छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य पर विचार रखते हुए अपनी रचनाओं को बताया। हीरान्तक द्विवेदी नोडल अधिकारी ने स्कूल के शिक्षा स्तर की सराहना की। स्कूल डायरेक्टर मनोहर सोनवानी ने सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए स्कूल के दसवीं कक्षा तक मान्यता एवं संबद्धता से अवगत कराया। आठवीं कक्षा के ख्वाहिश सोनके ने मेरीट में छठवें स्थान, हरीश वर्मा ने पांचवीं में दूसरे स्थान सहित कुशाग्र वर्मा के नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में चयन पर बधाई दी।

## सार समाचार

### अवैध दुकान निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध प्लाटिंग एवं शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा में वार्ड नंबर 2 सतनामी पारा निवासी मोहन बघेल द्वारा तालाब के सामने शासकीय भूमि पर बिना पंचायत की अनुमति के अवैध दुकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव द्वारा अतिक्रमणकारी को दो दिवस के भीतर निर्माण कार्य रोकने तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने निर्देशित किया गया। समय-सीमा के शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाने पर राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई करते अवैध निर्माण पर बुलडोजर एवं अन्य संसाधनों की सहायता से शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### लॉटरी के माध्यम से प्रवेश आज से

**राजनांदगांव।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर 13 से 15 मई तक लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन की कार्रवाई की जाएगी। इसके अंतर्गत 13 मई को सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सुकुलदैहान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय डोंगरगांव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घुमका, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लाल बहादुर नगर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भरेंगांव तथा 14 मई 2026 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यलाय छुरिया एवं 15 मई 2026 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश हेतु लॉटरी निकाली जाएगी।

### हिंदू जागरण मंच ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती आरके नगर चौक राजनांदगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के प्रति समर्पण को याद करते कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक हैं। उनका जीवन हम सभी को राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता है। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रभक्ति, साहस और स्वाभिमान के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिला एवं नगर पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और महाराणा प्रताप अमर रहे के जयघोष के साथ किया गया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, दिनेश झूलन, सविता बोस, कमलेश साहू, भोला यादव, रिंकू तिवारी, विष्णु सिन्हा, जुगल गुप्ता, प्रभात गुप्ता, राजा राज सोनकर, अरुण राय, संजय मिश्रा, नीलू साहू, आशीष टिंकू सोनी, ऋषभ मल, आशीष तिवारी, अक्ष गुप्ता, तुईशा वंदिले, अनीता सिन्हा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 14 से सिंधु खेल महोत्सव का आगाज

**राजनांदगांव।** पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर द्वारा 14 से 21 मई तक आठ दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन समाज के सभी वर्गों के लिए किया जा रहा है। खेल प्रभारी गिरधारी पंजवानी, अशोक तेजवानी एवं व्यवस्था प्रभारी पंकज जेठानी ने बताया कि इस बार युवाओं में खेल महोत्सव के प्रति जबर्दस्त आकर्षण है। उन्होंने बताया कि रॉयल किड्स स्कूल प्रांगण में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें दो वर्गों की टीम भाग लेगी। इसी तरह से वॉलीबॉल प्रतियोगिता माता मंदिर के सामने स्थित ग्राउंड में खेली जाएगी। इंडॉर खेल में कैरम, शतरंज, रस्सीकूद, रिंग थ्रो स्पून दौड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं सिंधु भवन में आयोजित की गई है। पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा आठ दिवसीय खेल महोत्सव में विजेताओं को आकर्षक ईनाम भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में खेलने हेतु बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और खासकर युवा वर्ग में विशेष उत्साह का माहौल है।

### बाइक में शराब ले जाते पकड़ा गया



**छुईखदान।** अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने के मामलों में पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत बाइक में अवैध रूप से शराब ले जा रहे आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 मई को वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल एक पोल्ट्री फार्म के सामने मुख्य मार्ग छुईखदान में घेराबंदी कार्रवाई किया गया। आरोपी शेख मिलतार 53 साल साकिन उदयपुर के कब्जे से एक सफेद रंग के थैला के अंदर 11 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब कीमती 1320 रुपए तथा 20 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा कीमती 1600 रुपए व मोटर साइकिल पल्सर, नगदी रकम 3800 रुपए को जब्त किया गया।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी शेख मिलतार के विरूद्ध अपराध धारा का साक्ष्य पाए जाने पर गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना छुईखदान में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। आरोपी को 12 मई को न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायालय के आदेशानुसार उपजेल सलोनी भेजा गया।

### कुकर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग से छेड़छाड़ करते हुए कुकर्म करने का प्रयास किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 11 मई को जब उनकी नाबालिग लड़की को खाई खिलाऊंगा कहकर आरोपी सरज पटेल बच्ची को स्कूल ले गया और फिर अश्लील हरकत करते उसके साथ जबरन गलत कार्य करने का प्रयास किया गया। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**आरोपी पर कार्रवाई-** प्रकरण की गंभीरता को देखते पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते आरोपी सरज पटेल 50 साल को 12 मई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

## एक वर्ष में बनना था अंडरब्रिज, तीन साल में भी पूर्ण नहीं हुआ निर्माण

# अंडरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर घेराव, वार्ड के लोगों ने किया प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** शहर के स्टेशनपारा और गौरीनगर में अंडरब्रिज के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग करते पटरीपार क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है। बीते दिनों निर्माण कार्य प्रारंभ करने को लेकर ज्ञापन सौंपने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर रेल रोको आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। आज बड़ी संख्या में स्टेशनपारा चिखली क्षेत्र के लोग कांग्रेस पदाधिकारियों और स्थानीय पार्षद के नेतृत्व में हल्ला बोल प्रदर्शन करते रेलवे स्टेशन का घेराव किया।

गौरीनगर रेलवे फाटक क्रमांक 459 और स्टेशनपारा फाटक क्रमांक 460 पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य महीनों से बंद है। जिसके चलते इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी समस्या हो रही है। ट्रैफिक का पूरा दबाव ओवरब्रिज पर बना हुआ है, जहां पल-पल जाम लगने के साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में इस क्षेत्र के लोग शीघ्र अंडरब्रिज का निर्माण पूर्ण करने की मांग कर रहे हैं। बार-बार आवेदन देने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर क्षेत्रवासियों द्वारा आंदोलन किया जा रहा है।



#### जमकर नारेबाजी

स्टेशनपारा अंडरब्रिज निर्माण कार्य के लिए 1 अप्रैल वर्ष 2023 को रेलवे फाटक स्थाई तौर पर बंद कर दिया गया। इसके बाद 1 साल के भीतर मार्च 2024 तक यहां अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना था, लेकिन निर्माण अवधि समाप्त होने के 2 वर्ष बाद भी यहां पर महज 30-40 प्रतिशत ही काम हुआ है। वहीं विगत कई महीनों से कार्य बंद पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन और सांसद के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने मांग की है।

#### शीघ्र निर्माण कार्य करने ज्ञापन

अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे प्रदर्शनकारी रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर ही बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारी रेलवे के उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वही रेलवे के सीआई कुमार निरंजन के मौके पर पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने शीघ्र अंडरब्रिज निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी माने।

#### पुलिस बल रही तैनात

इधर कांग्रेस के साथ वार्डवासियों के प्रदर्शन को देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे पुलिस फोर्स, जिला पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। मौके पर सीएसपी वैशाली जैन, सीएसपी एलेक्जेंडर किरो, आरपीएफ निरीक्षक तरुणा साहू सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे। इस दौरान पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को गेट के बाहर ही रोक दिया।

#### चूड़ी और बेशरम का फूल लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारी

धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी चूड़ी और बेशरम का फूल लेकर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को चूड़ी और फूल भेंट करने का प्रयास किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, स्थानीय पार्षद छोटेलाल, उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली, अब्बास खान सहित बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन, पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मनगटा रिसोर्ट क्षेत्र में पुलिस ने अचानक छापेमारी की। इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 मई के रात्रि में मनगटा क्षेत्र अंतर्गत स्थित रिसोर्ट में औचक छापेमारी कार्रवाई किया गया। कार्रवाई दौरान ग्राम झूराडबरी मेपल रिसोर्ट के पास आम जगह में शराब पी रहे आरोपी अभिषेक पांडे 25 साल व अंकुश कुमार 20 साल निवासी एवं 4 युवती के विरूद्ध 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया एवं वाद-विवाद कर रहे अभिषेक पांडे को प्रतिबंधित करने धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

#### ढाबा संचालक पर कार्रवाई

ग्राम देवादा वीरजी द ढाबा के संचालक दलप्रीत सिंह 40 साल द्वारा अपने ढाबा में शराब सेवन करने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर धारा 36(सी) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया तथा प्रतिबंधित करने धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले बाइक चालक गुलाब चंद्राकर 36 साल के विरूद्ध धारा 185 एमव्ही एक्ट की कार्रवाई किया गया है।

## नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी बटालियन आरक्षक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** 8वी बटालियन के आरक्षक द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना लालबाग में दर्ज धारा 74, 75(1)(i) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना लालबाग पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

प्रकरण की गंभीरता को देखते पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते आरोपी आठवीं बटालियन के आरक्षक श्रवण भारती 36 वर्ष को 12 मई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

#### मामला दर्ज

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रकरण में प्रार्थिया द्वारा थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 11 मई को जब उनकी नाबालिग लड़की जब टीवी रिचार्ज का रकम देने आरोपी श्रवण भारती के घर गई थी तो आरोपी द्वारा उसके घर में नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत करते उसके साथ जबरन गलत कार्य करने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान पीड़िता की एक और अन्य नाबालिग पुत्री भी वहां मौजूद थी। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अवैध रेत भंडारण पर कार्रवाई दो ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक लोडर जब्त



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ऑक्सीजन जोन भंवरमरा में अवैध रेत भण्डारण के मामले में बड़ी कार्रवाई की।

संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि अविनाश सोनी द्वारा शिवनाथ नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर भण्डारित किया गया था। मौके पर लगभग 40 से 50 ट्रिप ट्रैक्टर-ट्रॉली के बराबर रेत भण्डारित पाई गई। कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम ने मौके से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं एक लोडर मशीन को भी जब्त किया। जब्त वाहनों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई हेतु पुलिस थाना सुरगी में सुरक्षित रखा गया है।

## प्रधानमंत्री के स्वदेशी के साथ बचत अभियान का कैट ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के नाम दिए गए संदेश में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा आयातित वस्तुओं की खरीद से बचने की अपील का कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) राजनांदगांव इकाई ने स्वागत किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने इसे देश की आर्थिक मजबूती एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कैट के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया एवं जिला अध्यक्ष राजू डागा ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्तमान समय में देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि देशवासी स्थानीय एवं भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे तो छोटे व्यापारियों, उद्योगों एवं रोजगार को मजबूती मिलेगी।

संगठन के पदाधिकारियों संजय तेजवानी, अशोक पांडे, लक्ष्मण लोहिया, भावेश अग्रवाल, राजा माखीजा, बृजकिशोर सुरजन, सूरज बुद्धदेव, सीए राजेश जैन, राहुल जायसवाल, संजय लड्ढा, अमित खंडेलवाल एवं आलोक बिंदल ने कहा कि विदेशों से आयातित वस्तुओं की खरीद में कमी केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जहां संभव हो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें तथा पेट्रोल-डीजल की अनावश्यक खपत से बचें। कैट पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश केवल आर्थिक अनुशासन नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ा सामाजिक अभियान है। संगठन ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा देशहित में बचत की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। उक्त जानकारी जिला कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## क्रस्ट स्टील ने किया शासकीय भूमि पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने घुमका तहसील के ग्राम जोरातराई में क्रस्ट स्टील उद्योग पर शासकीय जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उद्योग की आड़ में 15 से 20 एकड़ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है और प्रशासन आंख मूंदकर बैठा रहा।

मंगलवार को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार से मुलाकात कर मामले की शिकायत की। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते कार्रवाई की मांग की।



#### दबाई गई आवाज

श्री मुदलियार ने कहा कि उद्योगों को जमीन आबंटित करने के बाद सीमांकन और भौतिक सत्यापन में गंभीर लापरवाही बरती गई। ग्रामीण लगातार शिकायत करते रहे, लेकिन प्रशासन द्वारा उनकी आवाज दबाई गई। इसी का फायदा उठाकर उद्योग प्रबंधन ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में उद्योगपतियों को खुली छूट दी जा रही है। जबकि ग्रामीणों और किसानों के अधिकारों की अनदेखी हो रही है। कांग्रेस इस मामले को लेकर चुप नहीं बैठेगी और जरूरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

#### शासकीय भूमि को कराया जाए मुक्त

कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि तत्काल मौके पर नापजोख कराकर अतिक्रमित शासकीय भूमि को मुक्त कराया जाए तथा मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाए। इस दौरान जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, शुभम पांडे, घुमका ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामसूरत वर्मा, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, वीरेंद्र चंद्राकर, ललित मरकाम, हिमालय बांधे, कदिर कुरैशी, राजिक सोलंकी, पिंकू खान, अमित कुशवाहा, राकेश चंद्राकर सहित अन्य पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पीईटी प्रवेश परीक्षा 14 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) के निर्देशानुसार जिले में प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) प्रवेश परीक्षा का आयोजन 14 मई 2026 को किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिले में कुल 2 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित होगी। सभी परीक्षा केंद्रों के गेट सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। जिले से कुल 460 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

व्यापम के दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड एवं वैध फोटो पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, इयरफोन सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा किसी भी प्रकार की लिखित अथवा मुद्रित सामग्री परीक्षा केंद्र में ले जाना वर्जित रहेगा। परीक्षार्थियों को हल्के एवं सरल कपड़े पहनकर आने तथा पारदर्शी पानी की बोतल साथ लाने की अनुमति होगी। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं पारदर्शिता बनाए रखने प्रवेश द्वार पर फ्रिस्किंग एवं सुरक्षा जांच की जाएगी।

परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक एवं एफएसटी टीमों की नियुक्ति की गई है, जो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल, आवश्यक सुविधाएं एवं शांत वातावरण सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे तथा आवश्यक दस्तावेज साथ लाकर परीक्षा में सम्मिलित हों, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## घुमका नपं को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक

# एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व केबिनेट मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल सहित जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत करते अध्यक्ष एवं सभी वार्डों में जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें चुनावी तैयारियों, जनसंपर्क अभियान एवं संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष विपिन यादव एवं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि घुमका को नगर पंचायत का दर्जा कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार की देन है। भाजपा सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, कमजोर कानून व्यवस्था एवं ठप्प विकास कार्यों से जनता परेशान हो चुकी है। कांग्रेस ही घुमका के विकास को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान करते कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती और बेहतर रणनीति के साथ चुनाव लड़ेगी तथा अध्यक्ष सहित सभी 15 वार्डों में जीत हासिल करेगी।

#### बूथों को मजबूत करने की दिशा में पहल

पूर्व केबिनेट मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया, महामंत्री राहुल तिवारी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राममूरत वर्मा ने कहा कि संगठन की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। नेताओं ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव पूरी तरह स्थानीय मुद्दों, जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर आधारित चुनाव होता है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर रणनीतिक रूप से कार्य करना होगा।



# मकानों में ताला मिला तो भी सूचीकरण, जानकारी न मिली तो बंद घर होगा दर्ज

## जिले में जनगणना का पहला चरण एक मई से शुरू, 33 सवालों के जवाब ले रहे प्रगणक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में जनगणना का पहला चरण 1 मई से शुरू हो गया है। प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण कर 33 सवालों के जवाब ले रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच प्रगणक सुबह के समय घरों में दस्तक दे रहे हैं। जनगणना के मकान सूचीकरण के दौरान यदि कोई मकान बंद मिलता है, तो उसे घर के रूप में ऐप में दर्ज किया जाता है। प्रगणक उस मकान पर ताला लगा होने की स्थिति में अन्य निवासियों या पड़ोसियों से जानकारी लेकर या बाद में पुनः आकर मोबाइल नंबर दर्ज करते हैं।

जनगणना निदेशालय की निदेशक ने स्पष्ट किया है कि यदि गणना अवधि के दौरान किसी मकान पर ताला लगा मिलता है और पूरे एक महीने तक वहां कोई जानकारी देने वाला नहीं मिलता तो उसे हाउस ऑफ यूज कैटेगरी के तहत वैकेंट और सब-कैटेगरी लॉक्ड में दर्ज किया जाएगा। हालांकि ऐसे मकानों की भी नंबरिंग की जाएगी और संरचना का विवरण दर्ज होगा। प्रगणक ताला लगे घरों की सूची बनाएंगे और बाद में निवासियों के वापस आने पर मोबाइल ऐप के जरिये डेटा आने पर मोबाइल एप के जरिये डेटा अपडेट विकल्प का उपयोग करके जानकारी अपडेट की जाएगी। बताया गया कि जिले में घर-घर पहुंच रहे प्रगणक को यह निर्देश दिए गए है कि जो मकान बंद मिल रहे है। उनसे फोन पर संपर्क कर जानकारी ऑनलाइन दर्ज किए जाने की कोशिश होगी। इसके अलावा अंत तक संपर्क नहीं होने पर बंद घर का विकल्प दर्ज किया जाएगा।

### मई भर चलेगा अभियान

छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में 1 मई से आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया है। जनगणना के सफल संचालन हेतु राज्य में 51,300 प्रगणक एवं 9,000 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो 30 मई तक घर-घर जाकर डेटा संकलन का कार्य कर रहे हैं। सभी जिलों को अलग-अलग ब्लॉकों में बांटकर गणना की जा रही है। जिले में लगभग पौने दो लाख घर तक प्रगणक को पहुंचना है। ये सारे आंकड़े प्रतिदिन शाम तक सिस्टम में दर्ज किए जाते हैं।

### खास बातें

- गर्मी के छुट्टियों के कारण बंद मिल रहे बड़ी संख्या में लोगों के मकान
- मकान बंद मिलने पर अंत में दर्ज होगी जानकारी



### जिले में बनाए 1606 ब्लॉक

जनगणना-2047 के तहत पहले चरण का काम शुरु हो गया है। जिले में 1 मई से शुरू हुए घर-घर जनगणना के काम में नक्शा बनाने के बाद प्रगणक घर-घर जाकर लोगों से 33 सवालों के जवाब ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार नांदगांव जिले में 1606 ब्लॉक बनाए गए हैं। इनमें लगभग 70 ब्लॉक में काम लगभग पूरा हो गया है। बताया गया कि मई के तीसरे सप्ताह तक कार्य शत-प्रतिशत पूरा करने का टारगेट रखा गया है।

## जिले में धान खरीदी थमने के तीन महीने बाद भी नहीं हो पाया शत-प्रतिशत उठाव

# 27 समितियों में 40 हजार क्विंटल धान डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भले ही प्रदेश सरकार ने इस बार धान के उठाव में तेजी को लेकर कई दावे किए हो, लेकिन जिले में अब भी शत-प्रतिशत उठाव नहीं हो पाया है। हालत यह है कि खरीदी समाप्त होने के तीन महीने बाद भी जिले की दो दर्जन से अधिक समितियों में 40 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा हुआ है। अब इस धान को आगामी 15 मई तक परिवहन किए जाने का टारगेट रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में इस बार खरीफ वर्ष में रिकॉर्ड 62 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। शासन की मंशा थी कि बारिश शुरू होने से पहले समितियों से धान का शत-प्रतिशत उठाव कर लिया जाए, ताकि किसानों और समितियों को नुकसान न हो। इसके लिए धान खरीदी नीति के साथ परिवहन को लेकर भी निर्देश जारी किए गए थे। इसमें मार्च समाप्ति से पहले तक शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित किए जाने कहा गया था, लेकिन इसके बाद भी जिले में अब तक शत-प्रतिशत उठाव नहीं हो पाया है। अब भी जिले में 40 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार इस सत्र धान उठाव एवं मिलिंग के लिए जिले के कुल 82 राईस मिलर्स से अनुबंध किया गया है।

ज्ञात हो कि पिछले साल का चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स से इस बार अनुबंध नहीं किया गया है। वहीं चार ट्रांसपोर्टर से भी इस बार उठाव के लिए अनुबंध किया गया है। मिलर्स और ट्रांसपोटर्स उठाव कार्य में जुटे हुए हैं। तीन महीने बाद भी उठाव शेष है।



### मौसम की मार से खराब होगा धान

उठाव में इतनी देरी का सीधा असर समितियों की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। धूप और बढ़ते तापमान के कारण धान के वजन में कमी यानी सूखत आने की आशंका रहती है। जिसका खामियाजा समितियों को भुगतना पड़ता है। इसके अलावा बीते कुछ दिनों से बिगड़े मौसम की वजह से भी धान में खराबी की आशंका बनी रहती है। जिससे भी सीधा नुकसान समितियों को ही होता है।

### इन समितियों में धान शेष

मिली जानकारी के अनुसार जिले की मुसराकला, घुमका, झाड़ीखैड़ी, बम्हनी चारभाठा, लालूटोला, कुहीकला, कनेरी, बागरेकसा, छुरिया, उपरवाह, ढारा, साल्हेटोला, कल्लूबंजारी, सड़क छिरछारी, पटेवा, भैंसातरा, खुर्सीपार, देवकट्टा, चारभाठा, मेढ़ा, गैंदाटोला, गहिराभेंड़ी, मुरमुंदा, जयसिंगटोला, खोभा, खुज्जी और मोहारा उपार्जन केंद्र शामिल हैं।

### प्रशासनिक सख्ती और समीक्षा बैठक

धान उठाव की धीमी गति को लेकर जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों और राइस मिलर्स की आपात बैठक बुलाई थी। 24 से 29 अप्रैल के बीच 92 समितियों को छह अलग-अलग समूहों में बांटकर बैठक ली गई थी। जिसमें भी जल्द से जल्द उठाव पूरा करने कहा गया था, लेकिन उस बैठक के दो सप्ताह बाद भी जिले में धान का शत-प्रतिशत उठाव नहीं हो पाया है। इसको लेकर ही मंगलवार को भी प्रशासन ने एक बैठक की है। जिसमें चेतावनी दी गई है।

# वृद्ध दंपत्ति से 11 लाख की ठगी आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वृद्ध दंपत्ति से 11 लाख रुपए की ठगी कर ली गई थी। इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच पड़ताल करते त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका पुत्र वरूण कुमार साहू 32 वर्ष सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) में पदस्थ था तथा जम्मू-कश्मीर में तैनात था। 12 सितंबर 2025 को अवकाश के दौरान ग्राम कोकपुर बरैठटोला के पास सड़क दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक जवान की मृत्यु उपरांत विभागीय सहायता राशि के रूप में प्रार्थी के खाते में 10 लाख रुपए एवं उनकी पत्नी के खाते में 19.25 लाख रुपए जमा हुए थे। इसी दौरान मृतक के साढू भाई योगराज साहू द्वारा वृद्ध माता-पिता को विश्वास में लेकर राजनांदगांव बैंक लाया गया तथा उनके खातों से कुल 15 लाख रुपए निकलवाए गए। आरोपी ने एसएसबी अधिकारियों एवं बैंक कर्मचारियों को पैसा देने का झांसा देकर 11 लाख रुपए अपने पास रख लिया तथा केवल 4 लाख रुपए वापस किया। आरोपी द्वारा वृद्ध दंपत्ति के साथ 11 लाख रुपए की धोखाधड़ी किया जाना पाए जाने पर थाना बसंतपुर में धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### जेल भेजा गया आरोपी

निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार पतासाजी एवं संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। आरोपी द्वारा लगातार ठिकाना बदलने की जानकारी मिलने पर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी योगराज साहू 45 वर्ष ग्राम बिटाल हाल श्रृष्टि कालोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 1 लाख रुपए नगद जब्त कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

## पांच किलो गांजा जब्त

# गांजा तस्करी, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में मादक पदार्थ गांजा के अवैध परिवहन के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से कुल 5 किलो गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि 12 मई को गोपालपुर गिधवा रोड व हरडुवा से घुमका की ओर दो अलग-अलग व्यक्ति दोनों काला रंग के हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल में अवैध रूप से गांजा परिवहन हेतु जा रहे हैं। सूचना पर थाना घुमका से अलग-अलग टीम बनाकर मुखबीर के बताए अनुसार स्थानों में मोबाइल चेकपोस्ट लगाया गया। आने-जाने वाले वाहनों को रूकवाकर चेक किया जा रहा था, तभी एक बाइक आया, जो पुलिस को देखकर भाग रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### डिक्की व बैग में मिला गांजा

पगड़े गए पहले व्यक्ति के बाइक की डिक्की के अंदर थैला में 2 पैकेट में करीबन 2 किलो 58 ग्राम व दूसरे व्यक्ति पकड़े पीट्ठू बैग को चेक किया गया। जिसके अंदर अलग-अलग 2 पैकेट में करीबन 2 किलो 946 ग्राम गांजा कीमती पचास हजार का होना पाया गया। मादक पदार्थ गांजा परिवहन में प्रयुक्त दो नग मोटर साइकिल को जब्त किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी दीपक पटेल 50 साल निवासी भटगांव व आरोपी देवकुमार साहू 24 साल निवासी पटेवा हाल सिवनीखुर्द के विरूद्ध थाना घुमका में अपराध धारा 20(बी)(ii)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत घटित करना पाए जाने से विवेचना कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया।

### शराब कोचिया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 मई को चौकी मोहारा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम ढारा निवासी राजेन्द्र वर्मा 40 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15 पौवा शोले देशी प्लेन शराब एवं 15 पौवा रोमियो देशी प्लेन शराब कुल 30 पौवा शराब तथा बिक्री रकम 300 रुपए बरामद किया गया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग 2400 रुपए है। पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई करते शराब एवं बिक्री रकम जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न, • धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


**0 राजनांदगांव।** मौसम में लगातार उतार चढ़ाव का दौर जारी है। जिससे आम लोगों के बीच चिंता का आलम बना हुआ है। हाल ही में हुए बारिश व ओलावृष्टि से आम सहित अन्य फसलों को नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

### माय एंगल





अग्रसेन धाम
SENIOR LIVING HOME
A PREMIUM OLD AGE HOME
छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी
1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ
12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फीट भवन
सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम • स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम • Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444
स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही, (दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM) जिला - बालोद (छ.ग.)



बाजार मूल्य ₹ 199 प्रति पीस वाला
सुमीत बाजार में
आज पेपर कटिंग लाने पर
अल्ट्रा सॉफ्ट
बॉथ टॉवेल
Size 70 x 140
ONLY ₹ 99 2 पीस

COTTON SILVER TOUCH
*CONDITION APPLY
ऑफर सिर्फ पेपर कटिंग लाने पर
ऑफर स्टॉक रहने तक प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 पीस
दिखाये गये चित्र से प्रोडक्ट भिन्न हो सकता है
लोहारा रोड, कवर्धा | अरोरा काम्प्लेक्स, दुर्ग रोड, बेमेतरा

**फरमान:** विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, निर्माण एजेंसियों को चेतावनी

# निर्माण कार्यों में देरी, कलेक्टर सख्त पोड़ी बायपास ठेकेदार को-नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए पोड़ी बायपास निर्माण में देरी करने वाले ठेकेदार को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास, जनगणना और समाधान शिविरों की भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने पोड़ी बायपास निर्माण में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जताई और संबंधित ठेकेदार को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित फील्ड मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट तैयार करने तथा जहां भी समस्या आए वहां संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य सुचारू रूप से जारी रखने के निर्देश दिए।

बैठक में पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय, एमएमजीएसवाय, आरईएस और पीएचई के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में पीएम जनमन और पीएम आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि पूरा फोकस प्रगतिरत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने और स्वीकृत आवासों में निर्माण कार्य प्रारंभ कराने पर होना चाहिए। उन्होंने नगरीय निकायों में संचालित निर्माण कार्यों की स्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत और वय वंदन योजना के तहत लक्ष्यपूर्ति में तेजी लाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

## कलेक्टर ने की जनगणना कार्य की समीक्षा



जनगणना 2026 के अंतर्गत चल रहे मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शहरी और ग्रामीण चार्ज के सभी हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों में सूचीकरण का कार्य 30 मई तक पूर्ण किया जाना है। उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष क्षेत्रों में कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने सुपरवाइजरों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा हो सके। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि सूचीकरण कार्य के दौरान प्रगणकों को कहीं भी समस्या आने पर तत्काल सूचना दी जाए, ताकि उसका शीघ्र निराकरण किया जा सके। बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण पूरी तेजी के साथ किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेन्द्र पैकरा, बोड़ला एसडीएम सागर सिंह राज, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कूकदूर व कुंडा महाविद्यालय की छात्राओं को नि:शुल्क बस सुविधा

## 10 नि:शुल्क बस संचालन 1000 छात्राओं को मिला लाभ

- बेटियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु आगामी सत्र से नि:शुल्क बस सेवा की होगी शुरुआत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा, सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विधायक भावना बोहरा द्वारा एक और सराहनीय एवं संवेदनशील पहल की जा रही है। आगामी शैक्षणिक सत्र से वनांचल क्षेत्र कुई कुकदुर और कुंडा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों की बेटियों को सुरक्षित, सुगम और नियमित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें उच्च शिक्षा से जोड़ना है। पंडरिया विधानसभा के अनेक ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में आज भी छात्राओं को महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। परिवहन सुविधा के अभाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण कई बार बेटियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। विधायक भावना बोहरा ने इन समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए बेटियों की शिक्षा को बाधित न होने देने का संकल्प लिया है। इस नई सेवा के प्रारंभ होने के साथ ही पंडरिया विधानसभा में विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित कुल 10 निःशुल्क बस सेवाओं का संचालन होगा। अब तक इन सेवाओं से 1000 से अधिक महाविद्यालयीन छात्राएं लाभान्वित हो चुकी हैं। यह पहल न केवल छात्राओं को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध करा रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति निरंतरता को भी मजबूत कर रही है। कुई-कुकदुर महाविद्यालय हेतु बस सेवा ग्राम अमनिया से प्रारंभ होकर ग्राम नेऊर, कुशियारी, दमगढ़, लुढुटोला, उपका, अमेरा, कुकदुर की छात्राओं को लेकर कुई-कुकदुर महाविद्यालय पहुंचेगी वहीं कुंडा महाविद्यालय हेतु बस ग्राम पेंड्रीकला, बसनी, घोरपेंड्री, कोलेगांव, दामापुर, खैरातुलसी, कोदवाकला, पंवरजली, दुल्लीपारा, माकरी, खैलटुकरी की छात्राओं को लेकर कुंडा महाविद्यालय पहुंचेगी। इस निःशुल्क बस सेवा का लाभ लेने के लिए छात्राएं व उनके परिजन संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### बेटियों से किए वादे पूरा करने जा रहे हैः भावना

भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा में बेटियों की शिक्षा के प्रति जनजागरूकता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में अपनी सहभागिता निभाते हुए क्षेत्र की बेटियों से किये अपने वादों को हम पूरा करने जा रहे हैं। यह मेरे लिए एक अत्यंत ही गौरव का क्षण है कि भावना दीदी की गारंटी में हमने जनता से जो वादा किया था और जनता ने विश्वास प्रकट कर अपनी सेवा का जो अवसर मुझे दिया उस विश्वास के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए हम एक और गांरटी को पूरा करने जा रहे हैं। इस सेवा के माध्यम से उन सभी बेटियों के परिजनों को भी आर्थिक और मानसिक संबल मिलेगा जो आवागमन की कमी होने की वजह से अपनी बेटियों की सुरक्षा के प्रति चिंतित रहते थे और महाविद्यालय भेजने में संकोच करते थे। परन्तु अब बेटियां अपने घरों से निकलकर महाविद्यालय पढ़ने जा रही हैं और उन्हें सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है।

**खबर संक्षेप**

### सड़क किनारे सूखा पेड़ दे रहा दुर्घटना को न्योता



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत मोहगांव से फास्टरपुर मुख्य मार्ग पर रापा और पेंड्रीकला के बीच सड़क किनारे खड़ा एक पुराना सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरे का कारण बनता जा रहा है। पेड़ की सूखी डालियां सड़क की ओर झुकी हुई हैं, जिससे तेज आंधी-तूफान के दौरान कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। यह मार्ग क्षेत्र का मुख्य सड़क मार्ग होने के कारण यहां दिनभर दोपहिया, चारपहिया वाहनों सहित ग्रामीणों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। इन दिनों मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है और रोजाना तेज हवा एवं आंधी-तूफान की स्थिति बन रही है। ऐसे में सूखी डाल या पेड़ गिरने से किसी राहगीर या वाहन चालक के घायल होने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि समय रहते सूखे पेड़ और उसकी खतरनाक डालियों को हटाकर सुरक्षित व्यवस्था की जाए, ताकि संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# ग्राम लखनपुर कला में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

कबीरधाम जिले के ग्राम मारियाटोला लखनपुरकला में वर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा में पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य पंडित प्रशांत शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए रासलीला और कृष्ण-रूखमणी विवाह प्रसंग का विस्तार से श्रवण कराया। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्तिरस में डूबा नजर आया। आचार्य ने कहा कि रासलीला जीव और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। यह कथा मनुष्य को काम, क्रोध और अहंकार पर विजय प्राप्त करने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि जब जीव में अभिमान आ जाता है तो भगवान उससे दूर हो जाते हैं, लेकिन सच्ची भक्ति और विरह भाव से भगवान अपने भक्तों पर विशेष कृपा करते हैं। गोपी गीत का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण अपने भक्तों के प्रेम और समर्पण से प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन देते हैं।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रूखमणी विवाह प्रसंग का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आचार्य ने बताया कि रूखमणी माता लक्ष्मी का स्वरूप हैं और लक्ष्मी का सदुपयोग धर्म एवं परमार्थ के कार्यों में करना चाहिए। यदि धन का उपयोग अच्छे कार्यों में नहीं किया जाए तो वह अन्य माध्यमों से नष्ट हो जाता है। कार्यक्रम में ग्रामाचार्य सुरेश कुमार तिवारी, रवि शर्मा तथा मानस म्यूजिकल ग्रुप घोरपेड़ी के कलाकारों ने भजन एवं संगीत की मधुर प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

तबले पर डीलक्स गबेल और पैड पर कपिल साहू ने संगत दी। आयोजनकर्ता द्वारका वर्मा, स्वर्गीय जोहान वर्मा, अयोध्या वर्मा सहित समस्त वर्मा परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं।

### धन को परमार्थ में लगाना ही सच्चा उपयोगः पं. प्रशांत शर्मा

कथावाचक पंडित प्रशांत शर्मा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धन और वैभव तभी सार्थक हैं, जब उनका उपयोग धर्म, सेवा और परमार्थ के कार्यों में किया जाए। उन्होंने कहा कि माता लक्ष्मी चंचल हैं और यदि धन का सदुपयोग नहीं किया जाए तो वह बीमारी, चोरी या अन्य कारणों से नष्ट हो जाता है। कथा के माध्यम से उन्होंने लोगों को धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग करने का संदेश दिया।

# रोमी खनूजा व उत्तरा दिवाकर किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

कांग्रेस संगठन की गतिविधियों एवं जनसंपर्क कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने पर कुंडा मंडल अध्यक्ष सुमित पाल खनूजा रोमी एवं कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया।




कवर्धा स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने दोनों पदाधिकारियों को मोमेंटो एवं बुके भेंट कर सम्मान प्रदान किया। बैठक में जिले के मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन की मजबूती, जनता के बीच संपर्क और पार्टी की गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। सम्मान प्राप्त करने पर सुमित पाल खनूजा ने कहा कि यह सम्मान मंडल प्रभारी, सह प्रभारी, बूथ कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस के वरिष्ठजनों के सहयोग का परिणाम है। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर ने कहा कि यह सम्मान पूरे संगठन और कार्यकर्ताओं की मेहनत का सम्मान है। जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इसी तरह सक्रियता के साथ जनता के बीच कार्य करते रहें, जिससे संगठन और अधिक मजबूत होगा। दोनों पदाधिकारियों के सम्मानित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।






# बंद पड़ी सोलर लाइट पर शासन-प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर, डबराभाठ तथा बोड़ला ब्लॉक के हरिनछपरा-चंदनपुर क्षेत्र में ग्रामीणों की सुविधा और गांवों को रोशन करने के उद्देश्य से करीब एक वर्ष पूर्व सौर ऊर्जा के तहत दर्जनों सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं।

उस समय पंचायत और संबंधित विभाग द्वारा इसे बड़ी उपलब्धि बताकर प्रचारित किया गया था। गांव की गलियां रोशनी से जगमगा उठी थीं और लोगों में खुशी का माहौल था, लेकिन कुछ ही महीनों बाद अधिकांश लाइटें बंद हो गईं और अब हालात यह हैं कि सभी लाइटें खंभों पर केवल शो-पीस बनकर रह गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से बंद पड़ी इन सोलर लाइटों की मरम्मत या रखरखाव को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। कई स्थानों पर लाइटें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, जबकि कुछ के सोलर पैनल और बैटरियां भी खराब हो गई हैं। रात के समय गांव की गलियां फिर से अंधेरे में डूब जाती हैं, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लाइटें लगाने के समय बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया, लेकिन उनके रखरखाव की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं बनाई गई। लोगों का कहना है कि सरकारी रिकॉर्ड में गांवों को रोशन दिखाया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से बंद पड़ी सोलर लाइटों की जांच कर जल्द मरम्मत कराने और नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात



ग्रामीणों ने बताया कि जब सोलर लाइटें लगाई गई थीं तब गांव में रात के समय काफी राहत महसूस हो रही थी। गलियों में उजाला होने से लोगों की आवाजाही आसान हुई थी और सुरक्षा की भावना भी बढ़ी थी। लेकिन कुछ ही समय बाद एक-एक कर लाइटें बंद होती चली गईं। आज स्थिति यह है कि अधिकांश लाइटें वर्षों से खराब पड़ी हैं और उनकी ओर देखने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय-समय पर रखरखाव किया जाता तो लाखों रुपए की यह योजना आज भी लोगों के काम आ रही होती।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**उत्साह:** सहकारी समितियों में 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदी

# संग्राहकों के लिए ग्रीन गोल्ड साबित हो रहा तेंदूपत्ता, अंचल में तोड़ाई जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्रों में इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य पूरे जोर-शोर से जारी है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले में तेंदूपत्ता का बेहतर उत्पादन हुआ है, जिससे वनवासियों और संग्राहकों में उत्साह देखा जा रहा है।

शासन द्वारा तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से किए जाने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण और वनवासी संग्रहण कार्य में जुटे हुए हैं। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद संग्राहक सुबह से लेकर शाम तक जंगलों में मेहनत कर तेंदूपत्ता एकत्र कर रहे हैं। कबीरधाम जिले के राजानवागांव, बोड़ला, सहसपुर, सिंघारी, मोतिमपुर, पंडरिया, कोदवा, कुकदुर, कामठी, खैरबना, तरेगांव, चिल्फी और खारा सहित अनेक वनांचल क्षेत्रों में हर वर्ष मई माह के दौरान उच्च गुणवत्ता वाले तेंदूपत्ता का उत्पादन होता है। जिले के तेंदूपत्ता की गुणवत्ता अच्छी होने के कारण इसकी मांग प्रदेश ही नहीं बल्कि कर्नाटक सहित अन्य राज्यों तक रहती है।

वनोपज समितियों से जुड़े लोगों का कहना है कि पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी ठेकेदारों ने तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू होने से पहले ही समितियों के टेंडर उठा लिए हैं। इससे यह साफ है कि बाजार में कबीरधाम जिले के तेंदूपत्ता की अच्छी मांग बनी हुई है। जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में जुटे संग्राहकों ने बताया कि उत्पादन अच्छा लेकिन तेज धूप और भीषण गर्मी तेंदूपत्ता तोड़ाई में बाधक बन रही है जिसके कारण में वे दोपहर के समय इस कार्य को तेजी से नहीं कर पा रहे हैं। वहीं शाम के समय वन्यप्राणियों का खतरा समझ में आता है। लेकिन फिर भी वे इस कार्य में लगे हुए हैं। उन्होने बताया कि पहले की अपेक्षा अब तेंदूपत्ता की कीमत शासन द्वारा ठीकठाक दी जा रही है जिससे उनमें तेंदूपत्ता संग्रहण करने में रूचि हैं।

कुल मिलाकर देखा जाए तो इस समय तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं के लिए ग्रीन गोल्ड सबित हो रहा है।

### विपरीत मौसम के बावजूद जिले के वनांचलों में बेहतर उत्पादन



इस वर्ष अप्रैल और मई माह की शुरुआत में जिले के मैदानी और वनांचल क्षेत्रों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि हुई थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही थी कि तेंदूपत्ता की फसल प्रभावित होगी और उत्पादन में गिरावट आएगी। लेकिन मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद इस बार तेंदूपत्ता का उत्पादन अपेक्षा से बेहतर हुआ है। समिति प्रबंधकों के अनुसार इस वर्ष तेंदूपत्ता पूरी तरह साफ-सुथरा और उच्च गुणवत्ता का है। पत्तों में दाग-धब्बे या खराबी नहीं होने के कारण ठेकेदारों को भी खरीदी में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। यही वजह है कि संग्राहकों में भी अधिक से अधिक पत्ता संग्रहण करने की होड़ देखी जा रही है।

### ग्रामीणों की आय का बना बड़ा सहारा

वनांचल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण और आदिवासी परिवारों की मौसमी आय का प्रमुख स्रोत माना जाता है। संग्रहण कार्य में परिवार के अधिकांश सदस्य शामिल होते हैं। इससे ग्रामीणों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है, जो उनकी दैनिक जरूरतों और खेती-किसानी के कार्यों में सहायक साबित होती है। कई गांवों में तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर सुबह से ही जंगलों की ओर लोगों की आवाजाही शुरू हो जाती है।

### कुछ संग्राहक पेड़ों को पहुंचा रहे नुकसान, कार्यवाही की जरूरत

वनांचल क्षेत्रों से यह खबरें भी सामने आ रही हैं कि कुछ संग्राहक अधिक मात्रा में पत्ता तोड़ने की जल्दबाजी में पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई लोग पत्ते तोड़ने के बजाय कुल्हाड़ी से छोटी शाखाएं अथवा पूरे पेड़ काटकर उन्हें छायादार स्थान पर ले जाकर पत्ते अलग कर रहे हैं। जानकारों का मानना है कि यह तरीका जंगल और पर्यावरण दोनों के लिए नुकसानदायक है। इससे भविष्य में तेंदूपत्ता उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और संबंधित समितियों से ऐसे मामलों पर निगरानी बढ़ाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि जंगलों की सुरक्षा के साथ तेंदूपत्ता उत्पादन भी लंबे समय तक सुरक्षित रह सके।

# देश के व्हीआईपी कल्चर पर भी संयम व लगाम जरूरी



■ ईंधन, खाद्य तेल और अनावश्यक खर्च कम करने देश के पीएम का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव और युद्ध जैसे हालातों के कारण वैश्विक स्तर पर आर्थिक अस्थिरता का माहौल बनता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल सहित कई आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

ऐसे हालातों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में देशवासियों से डीजल-पेट्रोल, खाद्य तेल, खाद समेत अन्य संसाधनों का सीमित और संयमित उपयोग करने की अपील की है। साथ ही प्रधानमंत्री ने नागरिकों से एक वर्ष तक अनावश्यक विदेश यात्राएं टालने और सोने की खरीददारी से बचने का भी आग्रह किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पाद, खाद्य तेल और अन्य जरूरी वस्तुएं विदेशों से डॉलर में आयात करता है।

वैश्विक संकट के चलते इन उत्पादों की कीमतों में वृद्धि होने से देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। ऐसे में संसाधनों के सीमित उपयोग की अपील को आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### देश हित में सादगी और संयम को बढ़ावा देने की जरूरत

जानकारों का कहना है कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाए रखने के लिए सादगी और संसाधनों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी है। यदि आम नागरिक, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला मिलकर ईंधन बचत, सीमित उपभोग और अनावश्यक खर्चों में कटौती जैसे कदम अपनाएं तो संभावित आर्थिक चुनौतियों का सामना बेहतर ढंग से किया जा सकता है। लोगों का यह भी कहना है कि वर्तमान समय देशहित में जिम्मेदारी निभाने का है। ऐसे में समाज के हर वर्ग को दिखावे से दूर रहकर बचत और संयम की भावना अपनानी चाहिए, ताकि वैश्विक संकट के प्रभाव को कम किया जा सके।

### आम जनता के साथ जिम्मेदार वर्ग से भी अपेक्षा

क्षेत्र के जागरूक लोगों का मानना है कि प्रधानमंत्री की इस अपील का असर तभी व्यापक रूप से दिखाई देगा, जब आम नागरिकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी इसे गंभीरता से अमल में लाएं। लोगों का कहना है कि वर्तमान समय में भी कई बड़े नेता, मंत्री और अधिकारी छोटे-छोटे आयोजनों में भारी भरकम वाहन काफिलों के साथ पहुंचते हैं, जिससे ईंधन की अनावश्यक खपत होती है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अक्सर देखा जाता है कि किसी कार्यक्रम, भूमिपूजन या लोकार्पण में दर्जनों सरकारी और निजी वाहन शामिल होते हैं। कई वाहनों में केवल एक या दो लोग ही सफर करते हैं, जिससे फिजूलखर्ची बढ़ती है। लोगों का मानना है कि यदि वीआईपी संस्कृति में दिखावे और अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण लगाया जाए तो इससे ऊर्जा संरक्षण और आर्थिक बचत दोनों संभव हो सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** नगर के महाराणा प्रताप भवन में शनिवार दोपहर पंडरिया उपसमिति के अध्यक्ष प्रशांत सिंह चौहान की अध्यक्षता में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप जी के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। जिसके बाद महाराणा प्रताप के जीवनी व आदर्शों पर चर्चा कर देश के लिए उनके द्वारा दिये गए बलिदान से अवगत कराया गया तथा उनके आदर्शों पर चलने की बात कही गई। इस अवसर पर अलीपुर पंडरिया निवासी ठाकुर अखिलेश सिंह चौहान दादा अपने दादाजी स्व. दर्शन सिंह चौहान एवं दादी सीता देवी के स्मृति में 11000 रुपए उप समिति पंडरिया को महाराणा प्रताप मंगल भवन मरम्मत हेतु सहयोग प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रशांत सिंह चौहान अध्यक्ष, अनिरुद्ध सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह चौहान,नरेन्द्र सिंह चौहान, मार्तण्ड सिंह चौहान एवं युवा अध्यक्ष ठाकुर प्रशांत सिंह बैंस उपस्थित थे।

### जिले में प्लेस मेंट कैम्प का आयोजन 15 मई को

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कवर्धा में 15 मई 2026, दिन शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है।

# पंडरिया के जंगलों में लौटे दूधराज पक्षी अंचल के वनांचल क्षेत्रों में बना रहे घोंसले

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

मध्यप्रदेश का राजकीय पक्षी दूधराज इन दिनों पंडरिया क्षेत्र के जंगलों और जल स्रोतों के आसपास दिखाई देने लगा है।

अपनी खूबसूरती, लंबी पूंछ और आकर्षक रंगों के कारण पहचान रखने वाला यह दुर्लभ पक्षी हर वर्ष प्रजनन काल के दौरान क्षेत्र के घने जंगलों में पहुंचता है। इस बार दूधराज पक्षियों की आमद सामान्य से कुछ देर से हुई है और अब ये क्रांति जलाशय सहित आसपास के वन क्षेत्रों में घोंसले तैयार करने में जुटे हुए हैं। जानकारों के अनुसार दूधराज पक्षी प्रति वर्ष मार्च से जुलाई के बीच प्रजनन के लिए शांत और हरियाली वाले क्षेत्रों का चयन करता है।



पंडरिया नगर से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित क्रांति जलाशय और उसके आसपास के जंगल इन पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते हैं। यही वजह है कि हर वर्ष यहां इनकी मौजूदगी देखी जाती है।

दूधराज को सुल्ताना बुलबुल और एशियन पैराडाइज फ्लाईकैचर के नाम से भी जाना जाता है। यह पक्षी देखने में बेहद सुंदर और आकर्षक होता है। नर दूधराज की पहचान उसकी लंबी पूंछ से होती है, जिसकी लंबाई लगभग 30 सेंटीमीटर तक पहुंच जाती है। वहीं मादा दूधराज की पूंछ अपेक्षाकृत छोटी होती है।

# ऊर्जा संरक्षण की दिशा में पुलिस की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण संबंधी आव्हान से प्रेरित होकर कबीरधाम पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल स्वयं साइकिल से कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन पैदल अथवा साइकिल से कार्यस्थल तक आने के लिए प्रेरित किया। कबीरधाम पुलिस की इस पहल का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा, ईंधन की बचत और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है।



पुलिस अधिकारियों ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव संभव हैं और यदि प्रत्येक व्यक्ति वाहन उपयोग को थोड़ा कम करे तो इससे पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि जिन कर्मचारियों का निवास कार्यालय के आसपास है, वे यथासंभव पैदल या साइकिल का उपयोग करें।

इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा और पर्यावरण प्रदूषण में कमी आएगी।

### अधिकारी कर्मचारियों ने की पहल की सराहना

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और ऊर्जा संकट को देखते हुए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह संसाधनों का संयमित उपयोग करे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग समाज के बीच एक अनुशासित और जिम्मेदार संस्था के रूप में कार्य करता है, इसलिए इस प्रकार की पहल से आम नागरिकों में भी सकारात्मक संदेश जाएगा। कबीरधाम पुलिस की इस पहल को अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सराहा। कई कर्मचारियों ने सप्ताह में एक दिन साइकिल अथवा पैदल कार्यालय आने का संकल्प लिया। पुलिस विभाग का मानना है कि यदि इस तरह के प्रयास लगातार किए जाएं तो समाज में ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को नई दिशा मिल सकती है।

# खरीफ के लिए किसानों द्वारा उर्वरकों का लगातार उठाव जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खरीफ वर्ष 2026 की तैयारी को लेकर जिले में किसानों द्वारा उर्वरकों का लगातार उठाव किया जा रहा है। जिले की सभी सहकारी समितियों में डबल लॉक केन्द्रों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया गया है तथा समितियों के माध्यम से किसानों को उर्वरकों का वितरण सुचारू रूप से जारी है।

इसके साथ ही निजी विक्रय केन्द्रों के माध्यम से भी किसान आवश्यकतानुसार उर्वरकों का उठाव कर रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करें तथा पीओएस मशीन के माध्यम से ही खाद का उठाव करें। विभाग ने कहा है कि संतुलित उर्वरक उपयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। जिले में उर्वरकों के गुण नियंत्रण, कालाबाजारी, तस्करी, जमाखोरी, निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर विक्रय एवं अन्य अनियमितताओं की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

यह दल जिले के विभिन्न विकासखण्डों में लगातार निगरानी एवं निरीक्षण कार्य करेगा। कृषि विभाग ने किसानों से कहा है कि यदि कहीं भी उर्वरक विक्रय संबंधी अनियमितता, अधिक मूल्य वसूली, जमाखोरी अथवा कालाबाजारी जैसी शिकायत प्राप्त होती है, तो वे तत्काल संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं।

# भारत की जनगणना के लिए जिले में जागरूकता रथ किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय परिसर से भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह जागरूकता रथ जिले के 08 ग्रामीण एवं 07 नगरीय चार्ज क्षेत्रों में भ्रमण कर आम नागरिकों को जनगणना के महत्व, प्रक्रिया एवं सहभागिता के संबंध में जागरूक करेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी गोपाल वर्मा ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय प्रक्रिया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि भारत की जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित है, जिसमें प्रत्येक मकान, भवन एवं उससे जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का विवरण संकलित किया जाएगा।

इसके माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान नागरिकों द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# वनांचल की महिलाओं तक पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

छत्तीसगढ़ में चल रहे सुशासन तिहार के समाधान शिविर सिर्फ लोगों की समस्याओं के निराकरण ही नहीं बल्कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का माध्यम भी बन रहे है।

इसी क्रम में कबीरधाम जिले के आकांक्षी विकासखंड बोड़ला में राज्य शासन और नीति आयोग के संयुक्त तत्वावधान में स्वस्थ नारी अभियान की शुरुआत की गई है।सुशासन तिहार शिविरों के माध्यम से संचालित इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों में एनीमिया की पहचान कर समय पर उपचार और जागरूकता सुनिश्चित करना है। शिविरों में महिलाओं और किशोरियों की निःशुल्क एवं त्वरित हीमोग्लोबिन जांच की जा रही है। जांच के बाद जरूरत अनुसार उपचार, रेफरल, आयरन फोलिक एसिड टेबलेट्स का वितरण तथा पोषण और जीवनशैली संबंधी परामर्श भी दिया जा रहा है।

4 मई 2026 को झलमला से प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत अब तक तीन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में लगभग 320 महिलाओं एवं किशोरियों की हीमोग्लोबिन जांच की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने महिलाओं को एनीमिया के लक्षण, बचाव और संतुलित आहार के महत्व के बारे में भी जानकारी दी।

नई शिक्षा नीति के तहत झलमला महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों को दिया गया व्यवहारिक कौशल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय झलमला, जिला कबीरधाम में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोडन्ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

महाविद्यालय में आयोजित स्किल इन हैंसमेंट कोर्स के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सोख्ता गड्ढा निर्माण तथा वर्मी कल्चर के माध्यम से वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार करने का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण, भूजल संवर्धन, पर्यावरण सुरक्षा और जैविक खेती के महत्व से अवगत कराना था।

विशेषज्ञों ने बताया कि सोख्ता गड्ढा वर्षा जल और घरेलू अपशिष्ट जल के उचित निकास तथा भूमि में जल पुनर्भरण के लिए अत्यंत उपयोगी होता है। इससे जलभराव की



समस्या कम होती है और भूजल स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों को सोख्ता गड्ढा निर्माण की पूरी प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन कर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें गड्ढे का आकार, गहराई, आवश्यक सामग्री, पाइप फिटिंग, जल निकासी व्यवस्था और रखरखाव जैसे तकनीकी पहलुओं को सरल तरीके से समझाया गया। साथ ही वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार करने की विधि, उसके उपयोग और फायदे भी बताए गए। विषय प्राध्यापक रवि गुप्ता एवं अजीत कांत ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक और सरल तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें समाजोपयोगी कार्यों से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भविष्य में इस पहल को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तार देने की योजना भी बनाई जा रही है, ताकि जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता लाई जा सके।

### महाविद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से सोख्ता गड्ढा निर्माण

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से सोख्ता गड्ढा निर्माण का कार्य भी किया गया तथा वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार पाठक के मार्गदर्शन तथा आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी स्वतंत्र कुमार जटाशंकर के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक शिव प्रसाद जांगड़े, अतिथि व्याख्याता श्रीमती शिवांगी पाठक, छाया भालेकर, श्रीमती प्रीति टंडन, लेखराज मिश्रा, रमाकांत सोनी सहित महाविद्यालय के अन्य सहयोगी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 24 मवेशियों के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पशु तस्करी और पशुओं के साथ अमानवीय व्यवहार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंडरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 मवेशियों को मुक्त कराया है।

इस मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पशु क्रूरता एवं कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना पंडरिया को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम घुटुरकुंडी दैहान क्षेत्र में कुछ व्यक्ति बड़ी संख्या में मवेशियों को क्रूरता पूर्वक पैदल हांकते हुए मध्यप्रदेश की ओर ले जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। वहां तीन व्यक्ति 24 मवेशियों को पैदल ले जाते मिले। पुलिस ने देखा कि गाय, बछड़ा और बछियों को नायलॉन रस्सियों से कसकर




बांधा गया था तथा उन्हें बिना चारा-पानी के लंबी दूरी तक ले जाया जा रहा था। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम इंदर सिंह धुर्वे आयु 40 वर्ष, झंगलू धुर्वे आयु 60 वर्ष एवं समहर धुर्वे आयु 30 वर्ष, सभी निवासी ग्राम लिम्हा, तहसील बजाग, जिला डिंडौरी मध्यप्रदेश बताया। जांच के दौरान आरोपियों के पास मवेशियों के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। कई पशुओं के गले और पैरों में रस्सियां अत्यधिक कसी होने से उन्हें गंभीर तकलीफ हो रही थी। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने मवेशियों को बिक्री के उद्देश्य से मध्यप्रदेश ले जाना स्वीकार किया। मामले में थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 108/2026 के तहत धारा 4, 6 एवं 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम तथा धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

कबीरधाम पुलिस ने कहा है कि जिले में पशु तस्करी और पशुओं के प्रति क्रूरता करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जाएगा तथा ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।